# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान आज विधान परिषद को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि दो हजार पचीस प्रयागराज महाकुंभ ने पूरी दुनिया में एक नया हिंदू विमर्श पैदा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूनेस्को के निदेशक ने कहा कि कुंभ मेला प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विश्व को एक नई दृष्टि प्रदान कर रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के साथ साथ अयोध्या धाम और काशी धाम से जुड़े नागरिकों का अभिनंदन भी किया।

***तेरह जनवरी से लेकर के सत्ताईस अट्ठाइस फरवरी तक कुल पैंतालिस पचास दिनों तक पूरी काशी पूरी तरह पैक थी। पांच लाख से लेकर के पचीस लाख तक श्रद्धालु प्रतिदिन वहां दर्शन करता था। काशी के लोगों का धैर्य वास्तव में अभिनंदन का पात्र है जिन्होंने धैर्य के साथ आतिथ्य सत्कार का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया। अयोध्या में यही दृश्य था। पांच लाख से लेकर पंद्रह लाख श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या धाम में देखने को मिला। वहां के नागरिकों ने भी वहां के संतों ने भी अपनी सुविधा की परवाह नहीं की। मैं इस अवसर पर प्रयागराज के साथ साथ अयोध्या धाम और काशी धाम से जुड़े हुए अपने सभी वहां के नागरिकों का भी हार्दिक अभिनंदन करता हूं।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ समाप्त होने के बाद अयोध्या में भी स्थिति सामान्य हो गई है। महाकुंभ के दौरान वहां अप्रत्याशित भीड़ हुई थी। अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि प्रतिदिन सुबह साढ़े छह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक श्रीरामलला के दर्शन हो रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी अच्छी है।

***अब तो सामान्य व्यवस्था हो गई है और जो पहले जितना फुटफाल था उतना फुटफाल है इस समय श्रद्धालुओं का। कुंभ के दौरान तो अप्रत्याशित संख्या में यहां पर आए थे श्रद्धालु तो उसके हिसाब से टाइमिंग्स को भी मॉडिफाई किया गया था मंदिर में दर्शन का। आज की तिथि में ऐसी कोई समस्या नहीं है। सामान्य रूप से सबका आगमन और सबका यहां से जाना जारी है इस समय। तो कहीं कोई समस्या नहीं है और सभी चीजें नियंत्रण में हैं।***

**********

श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के नागा साधुओं ने वाराणसी में आज से पंचकोसी परिक्रमा शुरू कर दिया। मणिकर्णिका घाट पर संकल्प लेने और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद करीब तीन सौ नागा साधु परिक्रमा के लिए निकल पड़े। यह सभी लोग पांच पड़ाव को पांच दिनों में करीब पचहत्तर किलोमीटर चल कर पूरा करेंगे। अखाड़े के थानापति विवेक भारती ने बताया कि अखाड़े से संकल्प लेकर, नागा साधु नाव के जरिये निकले हैं। प्रयागराज महाकुंभ के बाद वाराणसी आए नागा साधु होली तक वहां रहेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर पहुंचे। वह कल गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गोरखपुर और बस्ती मंडल के एक जनपद एक उत्पाद–ओडीओपी के दो हजार एक सौ लाभार्थियों को टूल किट वितरित करेंगे साथ ही वह मुख्यमंत्री युवा योजना के कुछ लाभार्थियों को ब्याजमुक्त ऋण का चेक भी सौपेंगे।

**********

नई दिल्ली में आज आकाशवाणी के रंग भवन सभागार में हास्य कवि सम्मेलन रंग बरसे का आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने उद्घाटन किया। कवि सम्मेलन में सुरेंद्र शर्मा और संतोष आनंद सहित कई जाने–माने में कवियों ने काव्य पाठ किया।

**********

होली पर्व के दौरान तीन होली विशेष रेलगाड़ियां मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर ठहरेंगी। उत्तर मध्य रेलवे की मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी रागिनी सिंह ने आज बताया कि नई दिल्ली–गया सुपरफास्ट ट्रेन, आनंद बिहार टर्मिनल–राजगीर एक्सप्रेस और नई दिल्ली सहरसा एक्सप्रेस का ठहराव निर्धारित तिथियों पर मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर भी होगा।

**********

आकाशवाणी वाराणसी के महमूरगंज स्थित सभागार में लेखा परीक्षा पैरा निगरानी प्रणाली पर कार्यशाला और आकाशवाणी दूरदर्शन के वाराणसी क्लस्टर की समीक्षा बैठक कल से शुरू हुई। यह सात मार्च तक चलेगी। कार्यशाला को आज प्रसार भारती के अपर महानिदेशक बजट और अकाउंट्स अनिल श्रीवास्तव , आकाशवाणी और दूरदर्शन वाराणसी के कार्यक्रम प्रमुख राजेश कुमार गौतम तथा वाराणसी कलस्टर प्रमुख स्वतंत्र सिंह ने सम्बोधित किया। इसमें आकाशवाणी और दूरदर्शन के वाराणसी क्लस्टर के तहत आने वाले विभिन्न केंद्रों के वरिष्ठ पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

**********

चित्रकूट जिले में आज तड़के एक पिक अप गाड़ी और अज्ञात भारी वाहन की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। यह हादसा उस समय हुआ जब मजदूरों से भरी पिक अप गाड़ी कोतवाली कर्वी थानाक्षेत्र में भागा पुल के पास भारी वाहन से साइड से टकरा कर पलट गई। इससे पिक अप सवार सभी लोग गिर गये। ये सभी लोग प्रयागराज से लौट रहे थे।

**********